महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रधान न्यासी साध्वीश्री कनकश्रीजी के दर्शन हेतु पहुँचे

कोलकाता। दिनांक 07 फरवरी 2012 जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू एवं प्रधान न्यासी श्री कमल कुमार दुगड़ उत्तर हावड़ा तेरापंथी सभा भवन में साध्वीश्री कनकश्रीजी के दर्शन किए।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरालाल मालू, उपाध्यक्ष श्री किशनलाल डागलिया, श्री सुकनराज परमार, श्री विमल सुराणा, महामंत्री श्री बिनोद कुमार चोरड़िया, सहमंत्री श्री बजरंग सेठिया, ट्रस्टी श्री बिमल कुमार नाहटा, श्री सुरिन्दर मित्तल का स्वागत सम्मान प्रतीक चिह्न के साथ उत्तर हावड़ा सभा के अध्यक्ष श्री तेजकरण बोथरा एवं मंत्री श्री विमल बैद ने किया।

साध्वीश्री कनकश्रीजी ने प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि हीरालालजी ने अपनी कार्यक्षमता, कार्यकुशलता, व्यवहार कौशल के द्वारा पूर्व में महासभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए धर्मसंघ की काफी सेवा की है परंतु अब इनका दायित्व और अधिक बढ़ गया है क्योंकि अब इन्हें महासभा के अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज की सार-संभाल करनी है।

इस अवसर पर उपस्थित श्रावक समाज को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री हीरालालजी मालू ने कहा कि हमें गुरु कृपा और गुरु इंगित से कार्य करने हैं। हम सभी के सहयोग से महासभा की गतिविधियों को विस्तार देने का भरसक प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर तेरापंथी सभा, उत्तर हावड़ा के अध्यक्ष श्री तेजकरण बोथरा ने महासभा द्वारा संचालित मेधावी छात्र प्रोत्साहन परियोजना हेतु एक छात्र के लिए रु. 31,000/- की राशि अनुदानस्वरूप प्रदान करने की घोषणा की।

कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री श्री राकेश संचेती ने किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा
(ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

3, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट, कोलकाता - 700 001, दूरभाष: 2235 7956, 2234 3598, फैक्स : 033 2234 3666